भारत का सबसे गंदा रेलवे स्टेशन, कानपुर

चर्चा में क्यों?

रेल मंत्रालय द्वारा 11 से 17 मई, 2018 के बीच एक सर्वेक्षण कराया गया, जिसमें रेल मंत्रालय ने ट्रेन में व रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई, कैटरिंग और खाने पर देश भर में सर्वे किया। इस सर्वे के अनुसार, कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन भारत का सबसे गंदा रेलवे स्टेशन है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- रेलवे द्वारा यह सर्वेक्षण, इंटरेक्टिव वाइस रेस्पांस सिस्टम (IVRS) के ज़रिये करवाया गया।
- कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन इस सूची में शीर्ष पर है।
- पटना जंक्शन को इस सूची में दूसरे, जबकि मुंबई के कल्याण स्टेशन को तीसरे स्थान पर रखा गया है।
- इस सूची में उत्तर प्रदेश के चार तथा महाराष्ट्र के तीन रेलवे स्टेशन शामिल हैं।
- मुंबई एकमात्र शहर है जिसके तीन स्टेशन इस सूची में शामिल हैं।

10 सबसे गंदे स्टेशनों की सूची

क्रम संख्या	रेलवे स्टेशन
1.	कानपुर सेंट्रल (उ.प्र.)
2.	पटना जंक्शन (बिहार)
3.	कल्याण (मुंबई)
4.	वाराणसी जंक्शन (उ.प्र.)
5.	लोकमान्य तिलक टर्मिनस- LTT (मुंबई)
6.	इलाहाबाद (उ.प्र.)
7.	पुरानी दिल्ली
8.	थाणे (मुंबई)
9.	लखनऊ (उ.प्र.)
10	चंडीगढ़

कैसे किया गया सर्वेक्षण?

- इस सर्वे के लिये IRCTC की वेबसाइट अथवा काउंटरों से बुक किये जाने वाले टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों का मोबाइल नंबर एकत्र किया गया तथा इनसे अलग-अलग बात की गई।
- लोगों से ट्रेनों के समय पालन, ट्रेनों तथा प्लेटफॉर्मों की सफाई, कैटरिंग व्यवस्था, ट्रेन में AC की स्थिति, स्टालों पर तथा ट्रेनों में आपूर्ति किये जाने वाले भोजन की शुद्धता एवं गुणवत्ता तथा ट्रेनों में दिये जाने वाले बिस्तर (bedroll) आदि की सफाई पर फीडबैक प्राप्त किया गया।
- यात्रियों से की गई बातचीत के आधार पर इस सर्वे को तैयार किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mumbai-kalyan-kurla-and-thane-are-among-the-10-dirtiest-railway-stations-report